पत्रांक-स्था0-2- दिव्यांग पद पुनर्चिह्नांकन/2026-27// 1340 // राज्य कर

प्रेषक,

आयुक्त,
राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

स्थापना राजपत्रित अनुभाग लखनऊः दिनांकः 13 जुलाई 2026

विषयः- दिव्यांगजन से सम्बंधित पदों के पुनर्चिह्नांकर के दृष्टिगत सूचना उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उप सचिव, दिव्यांग सशक्तिकरण अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-1337490/2026/65-3099/58/2022, दिनांक 22-05-2026 द्वारा लोक सेवाओं में प्रत्येक समूह क ख ग एवं घ श्रेणी के पदों पर दिव्यांगजन हेतु प्रदत्त आरक्षण के लिए दिव्यांगजनों के लिए समूह क ख ग एवं घ श्रेणी के पदों में कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार चिह्नांकन तथा चिह्नांकित पदों का पुनः चिह्नांकन अपेक्षित होने की स्थिति में प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

तत्क्रम में आपके अधीनस्थ कार्यरत दिव्यांग श्रेणी के अधिकारियों के संबंध में निम्न प्रारूप में सूचना अपेक्षित हैः-

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | तैनाती | दिव्यांगता प्रमाण पत्र संख्या/ दिनांक | निर्गमन प्राधिकारी | दिव्यांगता की श्रेणी/प्रकार | दिव्यांगता का प्रतिशत | प्रमाण-पत्र संलग्न (हाँ/नहीं) | स्व-घोषणा-पत्र संलग्न (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

अतः अनुरोध है कि निर्धारित प्रारूप के कॉलम संख्या-8 के अनुसार अद्यतन शासनादेशानुसार प्रमाण-पत्र तथा कॉलम संख्या-9 के अनुसार सम्बंधित दिव्यांग अधिकारियों से दिव्यांगता की श्रेणी तथा दिव्यांगता के प्रतिशत का उल्लेख करते हुए स्वघोषणा-पत्र प्राप्त कर सूचना यथाशीघ्र मुख्यालय उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

13/07/2026

(रवि शेखर सिंह)
संयुक्त आयुक्त (स्थापना), राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

47

श्रीमती पूर्णिमा
कृपया ... ही करें।

उपायुक्त ... राज्य कर,

दिनांक 14-07-26

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- अपर निदेशक, उ0प्र0 राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, लखनऊ।

2- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यलाय की विभागीय नोटिस बोर्ड पर प्रकाशनार्थ।

3- व्यक्तिगत पत्रावली पटल, स्थापना राजपत्रित अनुभाग, राज्य कर मुख्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारियों के सम्बंध में उपर्युक्तानुसार सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
SANDEEP CHANDRA
Date: 13-07-2026
18:04:37

उपायुक्त (स्थापना), राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।